ट्रैवल्स की दुकान का ताला तोड़ 1.59 लाख रुपये की चोरी

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। उपनगर के कॉलेज रोड स्थित डिग्री कॉलेज के सामने एक ट्रैवल्स की दुकान के काउंटर का ताला तोड़कर चोर 1,59,264 रुपये नकद चुरा ले गए। घटना की जानकारी होने पर दुकानदार और आसपास के व्यापारियों में खलबली मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। बड़हलगंज प्रतिनिधि के अनुसार नगर के कल्यानपुर निवासी विजय प्रताप शाही की कॉलेज रोड पर ट्रैवल्स की दुकान है। वह एयर टिकट बुकिंग और आधार संबंधी कार्यों के लिए नकदी का लेनदेन करते हैं। दुकानदार के अनुसार, रोज की तरह रविवार शाम करीब सवा छह बजे वह दुकान का काउंटर और स्लाइडिंग दरवाजा बंद कर सब्जी लेने बाजार चले गए। करीब आधे घंटे बाद लौटे तो स्लाइडिंग दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो कैश काउंटर का ताला भी टूटा हुआ



❖ आधे घंटे के लिए दुकान बंद कर सब्जी लेने गया था दुकानदार, लौटने पर हुई जानकारी

था और उसमें रखे 1,59,264 रुपये गायब थे।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चोरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। व्यस्त इलाके में हुई चोरी की इस घटना से व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

तीन दिन तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व के दौरान स्थानीय नागरिकों और नगर क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से आगामी तीन दिनों तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। बाहर से आने वाले वाहनों के साथ नगर क्षेत्र में लगभग एक दर्जन मार्गों पर हल्के वाहनों के भी आवागन पर रोक रहेगी। उक्त विशेष डायवर्जन प्लान १८, १९ और २० अक्टूबर को शाम पांच बजे से भोर में ४ बजे तक प्रभारी रहेगा। इस दौरान भारी वाहनों से लेकर हल्के वाहनों और व्यावसायिक वाहनों तक के लिए अलग-अलग वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं। हालांकि एम्बुलेंस को इस डायवर्जन से छूट दी गई है। यातायात कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ, बस्ती और संतकबीरनगर की तरफ से नौसढ़ आने वाले ऐसे सभी भारी मालवाहक वाहन, जिन्हें महराजगंज, सोनौली और कुशीनगर की ओर जाना है, उन्हें कालेसर से जंगल कौड़िया और बाघागाड़ा फोरलेन के रास्ते भेजा जाएगा। वापसी में भी इन्हीं मार्गों का इस्तेमाल करना होगा। वहीं, वाराणसी और बड़हलगंज की तरफ से आने वाले महराजगंज और सोनौली जाने वाले भारी मालवाहक वाहनों को बाघागाड़ा फोरलेन से बाईपास होते हुए कालेसर, जंगल कौड़िया, जगदीशपुर कोनी और सोनबरसा-पिपराइच मार्ग से अपने गंतव्य तक जाना होगा। इन वाहनों की वापसी भी इसी निर्धारित मार्ग से होगी देवरिया की तरफ से आने वाले ऑयल टैंकर, गैस टैंकर और अन्य व्यावसायिक वाहनों को खोराबार बाईपास से डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन खोराबार बाईपास से सिवटौर, रामगढ़ताल थाना तिराहा और पैडलेगंज होते हुए अपने



❖ एम्बुलेंस को डायवर्जन से मिलेगी छूट, भीड़ बढ़ने पर हल्के वाहनों का भी बदला जाएगा रास्ता

गंतव्य की ओर जाएंगे। कुशीनगर और देवरिया की तरफ से आने वाले हल्के वाहनों की संख्या बढ़ने पर शहर में उनका प्रवेश रोका जा सकता है। ऐसी स्थिति में इन वाहनों को कूड़ाघाट तिराहा से खोराबार-देवरिया बाईपास रोड, हनुमान मंदिर देवरिया बाईपास तिराहा, नौकायान और पैडलेगंज की ओर डायवर्ट किया जाएगा। पैडलेगंज और मोहद्दीपुर की तरफ से शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों को भीड़ बढ़ने पर आवश्यकतानुसार नौकायान, हनुमान मंदिर देवरिया बाईपास और चिड़ियाघर के रास्ते भेजा जाएगा। टीपी नगर चौराहे से बेतियाहाता की ओर जाने वाले वाहनों की भीड़ बढ़ने पर उन्हें पैडलेगंज की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। बरगदवां की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बरगदवां चौराहे से नकहा ओवरब्रिज होते हुए स्पोर्ट्स कॉलेज की ओर भेजा जाएगा। हल्के वाहनों के लिए जरूरत के अनुसार एमपी पॉलिटेक्निक चौराहा, इंडस्ट्रियल मोड़, रामनगर चौराहा और स्पोर्ट्स कॉलेज से खजांची की ओर जाने वाला मार्ग निर्धारित किया गया है। धर्मशाला और काली मंदिर की तरफ से आने वाले हल्के वाहनों को भीड़ बढ़ने पर पुलिस लाइन तिराहा और यातायात कार्यालय तिराहे से कार्मल रोड तिराहा, रेलवे रोडवेज तिराहा होते हुए विश्वविद्यालय चौराहे की ओर डायवर्ट किया जाएगा। हाबर्ट बंधा से लालडिग्गी और साहबगंज मंडी की तरफ भारी वाहनों का आवागमन निर्धारित समय में प्रतिबंधित रहेगा। इन वाहनों को टीपी नगर से अमर उजाला तिराहा, पैडलेगंज और नौकायान की तरफ भेजा जाएगा। धर्मशाला चौराहे और गोयल गली तिराहे से चार पहिया और तीन पहिया वाहनों को गंगेज तथा दुर्गाबाड़ी की तरफ जाने की अनुमति नहीं होगी। इन वाहनों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से ही आवागमन करना होगा। सूरजकुंड ओवरब्रिज से उतरने वाले वाहन तिवारीपुर होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। इसी प्रकार तिवारीपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को सूरजकुंड ओवरब्रिज के रास्ते भेजा जाएगा।

महाष्टमी की रात बांसगांव दुर्गा मंदिर में उमड़ी क्षत्राणियों की भीड़

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। उपनगर बांसगांव में स्थित ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर पर रविवार को शारदीय नवरात्रि के महाष्टमी तिथि की रात में

❖ देवी के दरबार में सभी की मन्नतें होती हैं फलीभूत

माँ दुर्गा का दर्शन पूजन कर मनोवांछित कामना पूरी करने के लिए आराधना करने वाली महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ा। इस दौरान मंदिर के आसपास महिला कांस्टेबलों सहित पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने में लगे रहे। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार रविवार को महाष्टमी की रात में माँ दुर्गा के दरबार में श्रीनेत वंशीय क्षत्राणियों के बीच कड़ाही चढ़ाने की होड़ सी लगी रही। मंदिर परिसर के चारो तरफ धधक रहे रसोई गैस के चुल्हों पर हलवा पूड़ी बनाने के दौरान महिलाओं का देवी गीत गायन धार्मिक रोमांच पैदा कर रहा था। इस दौरान मंदिर का कपाट खुलने के इंतजार में घंटो से पंक्तिबद्ध खड़ी क्षत्राणियों ने मंदिर के गर्भगृह में बारी बारी से प्रवेश कर अपनी कुल देवी के चरणों में हलवा, पूड़ी, धार, कपूर, नारियल चुनरी अर्पित की। यह कार्यक्रम आधी रात तक चलता रहा। इसके पूर्व शाम 5:30 बजे से आचार्यों के मंत्रोचार के बीच मुख्य यजमान विजय कुमार सिंह (बबलू बाबू) द्वारा हवन-पूजन कराने के साथ ही अन्य धार्मिक रस्में पूरी करने के बाद रात को 9 बजे मंदिर का कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।

शिक्षक राजनीति के वजूद को बचाने का आंदोलन है चुनाव

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से माध्यमिक शिक्षक संघ (चेत नारायण गुट) के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. राकेश सिंह के समर्थन में प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी, चुनाव प्रभारी व



प्रदेश मंत्री ज्योतिष पांडे, चुनाव सह-प्रभारी महेश राम, प्रदेशीय मंत्री व आईटी सेल प्रभारी संजय द्विवेदी तथा मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में कहा यह चुनाव शिक्षक राजनीति के वजूद को बचाने का आंदोलन है। अब तक ये सीटें शिक्षक संघों के लोकतांत्रिक संघर्ष से जीती जाती रही हैं, जिससे सदन में केवल शिक्षकों की शुद्ध आवाज गूंजती थी। लेकिन वर्तमान में राजनैतिक दल इस स्वतंत्र व्यवस्था पर कब्जा करने के लिए आतुर हैं। शिक्षक नेताओं ने शिक्षक समाज को आगाह किया कि आज ऐसे छद्म नेताओं से सावधान रहने की सख्त ज़रूरत है जो अब तक शिक्षक संघ का चोला ओढ़कर अंदर ही अंदर राजनैतिक दलों के लिए काम कर रहे थे। शिक्षक समाज इनके बहकावे में आने वाला नहीं है। शिक्षकों के बुढ़ापे के सम्मान की रक्षा के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराना हमारा पहला संकल्प है। वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय नीति लागू कराना। शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधानों की मांग की जायेगी। शिक्षकों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर राजनैतिक दलों के अतिक्रमण के खिलाफ पूरे क्षेत्र में चेतना अभियान चलाया जायेगा। प्रेस वार्ता में गोरखपुर के जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री सतांशु राय, कुशीनगर के जिला अध्यक्ष अशोक चौरसिया, देवरिया के जिला अध्यक्ष राजेश राय उपस्थित थे।

राष्ट्रीय ताइक्कांडो के लिए टीम मैनेजर बने उपेंद्र सिंह

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। माध्यमिक विद्यालयीय राष्ट्रीय



ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए गोरखपुर के उपेंद्र सिंह को टीम मैनेजर के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। उपेंद्र सिंह अंडर 17 बालक वर्ग के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम के लिए प्रबंधकीय दायित्व का निर्वहन करेंगे। प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर में 22 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक आयोजित होगी। उपेंद्र सिंह भोलाराम मस्करा इंटर कॉलेज ,सहजनवा में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

मिशन शक्ति: एमजीयूजी में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मिशन शक्ति के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर जयंत गंगवार ने स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा से संबंधित विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर श्री गंगवार ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए आत्मरक्षा का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संभावित खतरों को पहचानने, सतर्कता बरतने, विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने तथा आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की मिशन शक्ति नोडल अधिकारी सुमन यादव की देखरेख में किया गया।

नई बहुओं ने किया कुल देवी का पहला दीदार

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। श्रीनेत वंशीय क्षत्रिय परिवार की नई नवेली बहु परिवार की श्रेष्ठ महिलाओं के साथ पहली बार माँ दुर्गा के मंदिर में प्रवेश कर अपनी कुल देवी का दीदार कर गृहस्थ जीवन की खुशहाली के लिए देवी से प्रार्थना करते माता के चरणों में मत्था टेकते उन्हे एक वस्त्र भी अर्पित करती हैं। बताते हैं कि एक वर्ष की अवधि में पैदा हुए शिशुओं को नया वस्त्र महाष्टमी की रात में माँ दुर्गा के चरणों में अर्पण के बाद नवमी तिथि को ही नसीब होता है। इस दिन घर की श्रेष्ठ महिलाएं शिशुओं का नया वस्त्र लेकर मंदिर जातीं हैं, और वहां उसे माता के चरणों में अर्पित कर आशीर्वाद की प्रार्थना करने के बाद उस वस्त्र को लेकर घर को लौट जातीं हैं।

अवैध संबंध के संदेह में धारदार हथियार से पत्नी को किया घायल

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। गीडा थाना क्षेत्र के हरैया गांव में रविवार देरशाम अवैध संबंध के संदेह में पति ने अपनी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गर्दन पर गंभीर चोट लगने से वह जमीन पर गिर पड़ी, महिला की बेटी ने घटना की सूचना पुलिस को दिया, जिसपर मौके पर पहुंची मुकामी पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मामले में महिला की बेटी रहनुमा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गीडा थानान्तर्गत हरैया गांव निवासी जलालुद्दीन उर्फ पंगलू को अपनी पत्नी साफिया पर अवैध संबंध का शक था, जिसे लेकर दोनों में आये दिन विवाद होता था,रविवार को शाम एक बार फिर पति पत्नी के बीच इसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान तैश में आया जलालुद्दीन पास रखे हंसिया से साफिया पर हमला कर दिया, सिर और गर्दन पर धारदार हथियार से हुए हमले में वह घायल हो गई। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि घटना अवैध संबंध के शक में हुआ है,आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दबंगों का रास्ते पर कब्जे का प्रयास,नहीं सुन रहा है प्रशासन

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। भाजपा के मंडल महामंत्री मिथिलेश चंद्र ने आज प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि उनके घर के सामने का रास्ता कुछ दबंग लोगों द्वारा बार-बार बंद कर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है इस संबंध में कई बार पुलिस एवं वरिष्ठ प्रशासन अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है एवं तहसील की रिपोर्ट भी उनके पक्ष में है फिर भी प्रशासन की लापरवाही के कारण दबंग उनके साथ मारपीट और रास्ता बंद करने का प्रयास कर रहे हैं

साइबर ठगी के २.४७ लाख रुपया कराया वापस

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। साइबर थाना पुलिस ने रविवार को साइबर जालसाजों द्वारा क्रेडिट कार्ड से जालसाजी कर खाते से निकलो गये २,४७,५२५ रुपया पीड़ित के खाते में वापस कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार २१ सितंबर २०२६ की रात करीब ११:३० बजे पीड़ित के बिना जानकारी के अज्ञात जालसाज द्वारा क्रेडिट कार्ड से लेनदेन कर लिया था। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने शिकायत की।

विभिन्न मार्गों से होकर निकली धर्मशाला बाजार की वनयात्रा

गोरखपुर 18 अक्टूबर। धर्मशाला बाजार की सड़कों पर आज प्रात:काल श्री राम वन गमन का दृश्य उस समय जीवंत हो उठा जब वन जाने से पूर्व श्रीराम लक्ष्मण सीता और मंत्री सुमंत पैदल चल रहे थे। मंत्री सुमंत श्रीराम से



वन नहीं जाकर वापस लौटने का बार-बार अनुरोध करते हैं किंतु श्रीराम पिता की आज्ञा का पालन करते हुए नगर में कुछ दूर चलने के पश्चात अयोध्या की प्रजा और मंत्री सुमंत को वापस लौटने को कहकर प्रभु श्रीराम लक्ष्मण और सीता के साथ रथ पर सवार होकर वन को प्रस्थान कर जाते हैं। वनयात्रा प्रारंभ होने के पूर्व नर्वदेश्वर मंदिर परिसर में समिति के उपाध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता एवं सभी पदाधिकारियों द्वारा श्रीराम लक्ष्मण एवं सीता जी की आरती उतारी गई। श्री राम की वनयात्रा धर्मशाला बाजार, हजारीपुर ,आर्यनगर ,बक्शीपुर ,नखास,रेती, घंटाघर होते हुए बर्डघाट राप्ती नदी के तट पर पहुंची जहां केवट परिवारों के सदस्यों द्वारा श्री राम के चरण पखार कर उनकी आरती उतारी गई। इसी क्रम में रात्रि में भरत जी चित्रकूट के लिए प्रस्थान करते हैं। चित्रकूट पहुँच कर भरत जी श्री राम से वापस लौटने का बारंबार अनुरोध करते हैं किन्तु श्री राम के मना करने पर उनकी चरण पादुका को लेकर वापस अयोध्या लौट आते हैं। भरत जी की चित्रकूट प्रस्थान यात्रा रात्रि में नर्वदेश्वर मंदिर धर्मशाला बाजार से चलकर रामलीला मैदान,सुमेर सागर ,विजय चौक,सिनेमा रोड ,गोलघर होते हुए वापस धर्मशाला बाजार पहुँच कर संपन्न हुई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारीगण सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता,शशांक शेखर त्रिपाठी, सच्चिदानन्द पाण्डेय,रवि प्रकाश मिश्र,डॉज़ धर्मेन्द्र कुमार सिंह,राजन चौरसिया,दुर्गेश गुप्ता,विजय तिलक कोरी,सचिन गुप्ता,विनोद दूबे,राकेश गुप्ता,कृष्ण कांत गुप्ता,सत्येन्द्र सिंह, सहित समस्त सदस्य व अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

विजयदशमी शोभायात्रा मार्ग का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। नगर आयुक्त अजय जैन ने विजयदशमी पर्व पर मुख्यमंत्री की शोभायात्रा के दृष्टिगत निर्धारित मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के समस्त अधिकारी एवं अभियंता तथा



संबंधित वार्डों के पार्षदगण उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे पैचवर्क एवं नालियों पर स्लैब रखने सहित सभी अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रकाश विभाग को सजावट एवं झालरों से संबंधित कार्य समय से पूरा करने तथा लटकते हुए तारों को हटवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्युत विभाग से समन्वय बनाए रखने और किसी भी संभावित दुर्घटना की स्थिति में तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। नगर आयुक्त ने प्रमोद कुमार एवं अपर नगर आयुक्त को शोभायात्रा मार्ग पर चल रहे वॉल पेंटिंग के कार्यों को शीघ्र पूरा कराने तथा कपड़ों से सजावट का कार्य अगले दिन तक हर हाल में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने, सफाई कर्मचारियों की समय से ड्यूटी लगाने एवं शिफ्ट परिवर्तन सुनिश्चित करने तथा पूरे मार्ग पर कहीं भी कूड़ा न पाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शोभायात्रा मार्ग पर आवश्यक कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने तथा पर्व के दौरान मार्ग को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

कर्नल कुशल थापा क्रिकेट क्लब ने 127 रनों से जीता मैच

गोरखपुर, १८ अक्टूबर। माउंट लिट्रा जी स्कूल कुसम्ही क्रिकेट ग्राउंड पर द हॉक कप अंडर -14 के दूसरा मैच कर्नल कुशल थापा क्रिकेट क्लब और राजेश क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें कर्नल कुशल थापा क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों 4 विकेट के नुकसान पर 230 रन बनाए। जिसमें अमन कसौधन ने 68 गेंद पर 10 चौके लगाकर 72 रन, और कृष्णा कुमार ने 74 गेंदों पर 10 चौके लगाकर 71 रनों का पारी खेला। अभय गुप्ता ने नाबाद 30 रन और आर्यन यादव ने 9 रनों का योगदान दिया । राजेश क्रिकेट क्लब कि तरफ से गेंदबाजी करते हुए कप्तान अभी जायसवाल ने दो विकेट, नारायण शर्मा और अमन कुमार पटेल ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजेश क्रिकेट क्लब टीम ने 39.3 ओवरों में मात्र 103 रनों पर ऑल आउट हो गई। कप्तान अभी जायसवाल ने 18 रन, अनुज यादव ने 16 रन और अमन कुमार पटेल ने 11 रन, नारायण शर्मा ने नाबाद 16 रनों का पारी खेला। कर्नल कुशल क्रिकेट क्लब कि तरफ से गेंदबाजी करते हुए तस्ता चौधरी ने तेज गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिया और आदित्य गुप्ता,आयुष जायसवाल और रनवीर यादव ने दो-दो विकेट हासिल किया। कर्नल कुशल थापा क्रिकेट क्लब के अमन कसौधन को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1242751073 का मूल प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **श्रेया यादव** पुत्री शैलेश यादव निवासी यादव टोला, गिरधरगंज बाजार कूड़ाघाट गोरखपुर 273008

सूचना-मेरा बीएड वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1134760025 की शैक्षिक उपाधि वास्तव में खो गया है। **द्वारिका नाथ कुशवाहा** पुत्र नरसिंह कुशवाहा, ग्राम – डुमरी, पोस्ट – कसया, जनपद – कुशीनगर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SATRU DHAN KUSWAHA पुत्र HARI KUSWAHA- से बदलकर SHATRUDHAN KUSHWAHA पुत्र SRI HARI KUSHWAHA रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए **SHATRUDHAN KUSHWAHA** पुत्र SRI HARI KUSHWAHA निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर उर्फ कुर्मीपट्टी पोस्ट चखनी भूमिहारी पट्टी जिला कुशीनगर 274306

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा नाम जबिउल्लाह अली हुसैन शेख था। जिसको बदलकर मोहम्मद जबिउल्लाह शेख रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **मोहम्मद जबिउल्लाह शेख** पुत्र अली हुसैन शेख, ग्राम डीघवा पवटवा पोस्ट मदरापाली भरत राय थाना रामपुर कारखाना जिला देवरिया।

सूचना-मैं **संजय कुमार** पुत्र राम सुदर्शन, निवासी-बेलादार, शिवपुर, थाना-गगहा, गोरखपुर। मेरे पासपोर्ट सं. P2037179 में पिता का नाम त्रुटिवश सुदर्शन यादव दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड में नाम राम सुदर्शन दर्ज है जो सही व सत्य है।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का प्रदीप गुप्ता असामाजिक तत्वों के संपर्क में आकर विधि विरुद्ध कार्य करता है या रुपए पैसे का लेनदेन करता है तो उसका व उसके परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। उसके लड़के प्रदीप गुप्ता को मैं अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से प्रदीप गुप्ता को बेदखल करता हूं। **श्रवण कुमार** पुत्र स्वर्गीय हीरालाल साकिन मोहल्ला तिवारी टोला मोहनलालपुर मगहर पोस्ट मगहर तहसील व थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जितेन्द्र कुमार पटेल से बदलकर जितेन्द्र पटेल कर लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **जितेन्द्र पटेल** पुत्र अमरनाथ पटेल ग्राम, भरहे चौरा, पोस्ट भटनी, जिला देवरिया, 274701.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उ प्र बोर्ड द्वारा निर्गत हाईस्कूल संस्थागत उत्तीर्ण परीक्षा बर्ष 2018 अनुक्रमांक 2546751 का अंकपत्र एवं मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **अकांक्षा पाठक** पुत्री सुनील पाठक, ग्राम व पोस्ट-देवलापार, जिला गोरखपुर, उ. प्र., 273408.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम DEVENDER CHAUHAN से बदलकर DEVENDRA CHAUHAN कर लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **देवेन्द्र चौहान** पुत्र बेचन चौहान, ग्राम जंगल सखनी टोला माखनपुर, पोस्ट जंगल डुमरी नं 2, जिला गोरखपुर, 273306.

सूचना-मैंने अपना नाम Azharuddin Ansari से बदलकर Azaharuddin Ansari रख लिया है। भविष्य में मुझे Azaharuddin Ansari के नाम से जाना जायेगा। **Azaharuddin Ansari** पुत्र नूर अली अंसारी ग्राम छहूं पोस्ट झंकौल कुशीनगर पिन कोड 274303

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम MAHENDRA KUMAR YADAV से बदलकर MAHENDER कर लिया है।मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **MAHENDER** पुत्र दुर्बली यादव निवासी ग्राम सुकरौली उर्फ अरघा, पोस्ट नौतनवा, जिला महराजगंज

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी	:	सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज	:	३, लीडर रोड
कानपुर	:	बांसमण्डी
लखनऊ	:	१, जापलिंग रोड
आगरा	:	महात्मा गांधी रोड
बरेली	:	रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना	:	फ्रेजर रोड
रांची	:	नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर	:	कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-ai gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक